मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अगर इस समस्या के समाधान की ओर ध्यान न दिया गया, तो इससे वेनिरीयल डिजीजिज और क्राइम आदि कई अन्य समस्यायें पैदा होंगी। अगर यह समस्या हल हो गई, तो जो दूसरी बीमारियां इस के कारण पैदा होती हैं उनका स्वत: निराकरण हो जाएगा। मेरा निवेदन है कि वेश्या-वृत्ति निवारण की ओर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। सप्रेशन आफ़ इम्मारेल ट्रैफिक एक्ट किसी जमाने में बना था, लेकिन वह इतना पंगू और निष्क्रिय हो चुका है कि उसके आधीन कुछ काम नहीं हो पाता है। मैंने अभी सोशल एन्ड मारल हाईजीन एसोसिएशन के लोगों से बात की और उनसे पूछा कि कितनी लड़कियां ऐसी हैं, जो वेश्यालयों में भेजी जाती हैं। उन्होंने कहा कि इसके आंकड़े तो हमें मालूम नहीं हैं, लेकिन दिल्ली के जी० बी० रोड पर इतनी लड़कियां लोकेट की गई। मैं समझता हूं कि लड़कियों को लोकेट किए जाने के आंकड़ों से काम नहीं चल सकता है। आवश्यकता इस बात की है कि जिन इलाकों में यह समस्या है, उन इलाकों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति सुधारने के लिए उचित कदम उठाए जायें। लेकिन इस काम को केवल सरकार नहीं कर सकेगी। यह वालेन्टरी आर्गनाइजेशन के करने का काम है।

एजेन्डा नोट्स फ़ार दी कान्फ्रेंस आफ़ स्टेट मिनिस्टर्ज, जो 23 जुलाई, 1972 को हुई थी, के पेज 46–47 पर जो उल्लेख किया गया है, मैं आशा करता हूं कि उसके अनुसार केन्द्रीय शिक्षा और समाज कल्याण मन्त्रालय राज्यों को मार्ग-निर्देश देगा कि वालेन्टरी आर्गनाइजेशन्ज के माध्यम से किसी प्रकार इसी काम को आगे बढ़ाना चाहिए। सरकार उनको कंजूसी से पैसा देती है और उनको पर्याप्त साधन सुलभ नहीं होते हैं। वालेन्टरी आर्गनाइजेशन्ज में नौकरी करने वाले कार्यकर्ता किसी भी प्रकार उन लोगों से कम योग्य या कम सक्षम नहीं हैं, जो शासन के द्वारा वेतन पाते हैं। इसलिए वालेन्टरी आर्गनाइजेशन्ज के माध्यम से इस काम को आगे बढ़ाना चाहिए।

[श्री परिपूर्णानन्द पैन्यूली]

जहां तक आश्रम टाइप स्कूलों का और बालवाड़ियों का सम्बन्ध है, मैंने अपने चुनाव क्षेत्र में उनका निरीक्षण किया है और मैंने यह पाया है —मुझे स्पष्ट बात कहने के लिए क्षमा करें—कि वालन्टेरी आर्गनाइजेशन्ज द्वारा संचालित आश्रम टाइप स्कूल और बालवाड़ियां कम सहायता मिलने पर भी शासन द्वारा चलाए जाने वाली संस्थाओं की तुलना में ज्यादा अच्छी तरह चल रही हैं।

कुछ सदस्यों ने संकेत किया है कि चूंकि यह डिपार्टमेंट निकम्मा था, इसलिए वह होम मिनिस्ट्री को दे दिया गया। कुछ सदस्यों ने कहा कि इसको ठीक पैसा नहीं मिलता है और वह लैप्स हो जाता है। सही बात यह है कि इसी सदन में पिछले सत्र में माननीय सदस्यों ने यह मांग की थी कि प्रधान मन्त्री के पास गृह मन्त्रालय है, इसलिए इस विभाग को गृह मन्त्रालय को सौंप दिया जाए, तब इसका काम ज्यादा अच्छी तरह से हो सकेगा। इस सदन की मांग पर इस विभाग को गृह मन्त्रालय को सौंपा गया था। लेकिन इसमें सन्देह नहीं कि जो पैसा इस काम के लिए स्वीकार किया जाता है, वह लैप्स हो जाता है। अव्वल तो कम पैसा मिलता है और जो मिलता है, वह लैप्स हो जाता है। स्टेट सब्जेक्ट होने के कारण यह पैसा राज्य सरकारों के माध्यम से खर्च होता है। अगर राज्य सरकारें इसका ठीक उपयोग नहीं करती हैं, तो केन्द्रीय समाज कल्याण विभाग क्या करे?

इसके लिए मैं माननीय मन्त्री जी से अनुरोध करूंगा कि कोई न कोई इसका सोल्यूशन निकालें कि एक तो इसके लिए पैसा अधिक हो। आप दूसरे मन्त्रालयों से पैसा बटोर कर के इस काम के लिए ज्यादा प्रायमिकता के आधार पर दें और जो पैसा इसको मिलता है उसका पूरा-पूरा सदुपयोग हो। मैं अनुरोध करूंगा कि वालन्ट्री आर्गनाइजेशन्ज के माध्यम से इस काम को आप करना चाहेंगे तो ज्यादा अच्छी तरह से कर सकेंगे। इन शब्दों के साथ मैं इस मन्त्रालय की मांगों का समर्थन करता हूं और आपसे अनुरोध करता हूं कि विशेषकर जो वीकर सेक्शन के हरिजन और आदिवासी लोग हैं या पिछड़े हुए इलाके के लोग हैं उनको ज्यादा सहायता आप करें।

अन्त में मैं एक शब्द अपने कांस्टीट्यूएन्सी के सम्बन्ध में भी निवेदन करना चाहता हूं। टिहरी गढ़वाल में जो मेरा कांस्टीट्यूएन्सी है, साक्षरता देश में सब से कम है और सामाजिक विषमता बहुत अधिक है। वहां शिक्षा के लिए विशेष सहायता देने की आवश्यकता है। यह वर्ष स्वामी रामतीर्थ की सेंटिनरी का है। उनके नाम पर एक डिग्री कालेज वहां है जिसको स्नातकोत्तर कक्षा के लिए आर्थिक सहायता देने का प्रावधान आपको करना चाहिए और वहां पर एक सेंट्रल स्कूल का प्रावधान भी आपको करना चाहिए।

श्री शिव कुमार शास्त्री (अलीगढ़): माननीय सभापति जी, स्वतन्त्रता के प्रारम्भिक काल से ही हमारे देश के मनीषी और विचारक यह अनुभव करते रहे हैं कि शिक्षा का यह ढांचा जो अंग्रेज ने अपने लाभ के लिए खड़ा किया था वह हमारे देश के विकास की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं है। अंग्रेज की शिक्षा का उद्देश्य क्या था यह मकाले ने अपने एक पत्र में लिखा है जिसकी कुछ पंक्तियां इस प्रकार हैं:

> 'to form a class who may be interpreters between us and the millions, whom we can call a class of persons Indian in blood and colour, but English in taste, in opinions....'

इसके आगे कुछ और है। उसका कहना है कि हम इस प्रकार के लोग तैयार कर दें जो हमारे और जिन के ऊपर हमें शासन करना है उनके बीच में बिचौलिए

का काम करें। अंग्रेज केवल यह चाहते थे। उन्हें और किसी प्रकार का विकास हो हो या न हो इससे कोई मतलब नहीं था।

शिक्षा का उद्देश्य यह है कि मनुष्य का सर्वांगीण विकास हो। शरीर का विकास हो, मन का विकास हो, और आत्मा का विकास हो। आज की शिक्षा के ढांचे में आप देखें तो ये चीजें कोई भी नहीं हैं। शरीर के विकास के लिए आवश्यक है कि उचित आहार हो। उसके साथ उचित व्यवहार और संयम का जीवन हो। आप देख लीजिए यह सारी की सारी चीजें आज उपेक्षित हैं। उसके बाद मानसिक उन्नति के लिए और आत्मिक उन्नति के लिये जो चीज हमारी शिक्षा में होनी चाहिए वह नहीं है। अगर केवल अक्षर ज्ञान ही शिक्षा है तो आज वही हमारी सारी को सारी बुराइयों की जड़ है। रिश्वत खाने वाले बिना पढ़े लिखे नहीं हैं। बिना पढ़ा लिखा आदमी चार रोटी ज्यादा खा जाएगा तो बदहजमी हो जायेगी। पढ़े लिखे सीमेंट के सैकड़ों कट्टे और सैकड़ों मन तेल के पीपे पी जाए तो भी उनकी बदहजमी नहीं होगी। तो यह सारी की सारी बुराई पढ़े लिखे जो हैं उनके अन्दर है जिसके लिए कहा कि:

आदमियत और शय है इल्म है कुछ
और चीज।
लाद तोते को पढ़ाया पर वो हैवां
ही रहा॥

इसलिए मैं यह आग्रह करूंगा कि जो मानवता का उद्देश्य है वह उसमें आना चाहिए, इस प्रकार से इसमें परिवर्तन किया जाए। प्रधान मन्त्री जी ने और शिक्षा मन्त्री जी ने भी कुछ स्थानों पर अपने भाषण में यह चर्चा की है कि हम शिक्षा के ढांचे में परिवर्तन कर रहे हैं। यह बड़े स्वागत योग्य बात है और यह बड़ी प्रशंसा की बात है। लेकिन इसके साथ-साथ जो विद्वानों की गोष्ठी एक इस प्रकार को होनी चाहिए जो पूर्व और पश्चिम की सारी बातों को देख कर उसमें परिवर्तन करे, उसकी कोई चर्चा मैंने नहीं सुनी। केवल एक अनुरोध मैं करना चाहता हूं कि आप शिक्षा में परिवर्तन के लिए जो एक तरफ को झुकते रहे हैं और अपने यहां नहीं देखते यह प्रवृत्ति दूषित है और यह पहले से चली आ रही है। मैं आपसे कह देना चाहता हूं कि अपने प्राचीन आधार को शिक्षा बहुत अच्छी है। हमारे यहां आजकल समझा यह जाता है कि शिक्षा तब से प्रारम्भ होती है जबसे बच्चा स्कूल में जाता है। उससे पहले दो और शिक्षकों का जिक्र है और वह इससे अधिक महत्वपूर्ण हैं। सबसे पहले शिक्षक मां है और दूसरा शिक्षक पिता है। आजकल उनको शिक्षक की कोटि में गिना ही नहीं जाता। वह कितने महत्वपूर्ण शिक्षक हैं उनके लिए एक बात लिखी है कि :

उपाध्यायान् दशाचार्य, आचार्याणान्तु शत पिता।
सहस्रन्तु पितृणां मांता गौरवेणाति-रिच्यते॥

एक लाख साधारण अध्यापक जितना पढ़ा सकते हैं उतना अकेले माता की शिक्षा होती है। इसलिए जब आप परिवर्तन करें तो इन सब चीजों का ध्यान रखें और तब परिवर्तन की बात आए।

अब मैं थोड़े से सुझाव आपको देना चाहता हूं। पहली बात तो यह है कि आपने शिक्षा मंत्रालय की ओर से गुरूकुल की शिक्षा प्रणाली को व्यवस्थित करने के लिए एक कमेटी बनाने का निश्चय किया है। यह बहुत अच्छी बात है। वह एक इस प्रकार की प्रणाली है जो आपकी प्रचीनता के चिह्न को दिखलाती है कि प्राचीन स्वरूप क्या था। इसके साथ-साथ जो चीज आप राष्ट्र के हित में रखना चाहते हैं वह उसके लिए एक आदर्श स्वरूप होगा। इसके लिए जितना शीघ्र कार्य हो सके उतना अच्छा है। वहां किसी प्रकार का अर्थाभाव न

[श्री शिव कुमार शास्त्री]

आए, किसी प्रकार से उसके विकास में बाधा न आए इस प्रकार का यत्न आप करें।

इसके साथ-साथ जो बात मैं हर डिबेट में कहता आ रहा हूं वह आज फिर दोहराता हूं कि आपके त्रिभाषा फार्मूले से और किसी का लाभ हुआ हो या न हुआ हो लेकिन संस्कृत की हानि अवश्य हो गई है और हमारे यहां आता है कि :

त्वयिवर्षतिजीमूत सर्वेपिल्लविता द्रुमा।

अस्माकन्त्वर्क वृक्षाणां पूर्वपत्रंच नश्यति ॥

जब वर्षा होती है तो चारों तरफ हरियाली फैल जाती है। लेकिन आक के पत्ते बेचारे पीले पड़-पड़ कर गिरने लग जाते हैं। संस्कृत की आज वही दशा हो रही है। इस समय परिवर्तित परिस्थितियों में उसकी विशेष सहारे की आवश्यक्ता है। अगर उसे यह सहारा नहीं देंगे तो आपके भारत की वह प्राचीन विद्या नष्ट हो जाएगी।

अब अन्तिम बात जो मुझसे और आपसे सीधे सम्बन्ध रखती है उसकी तरफ आता हूं और वह है अलीगढ़ विश्वविद्यालय। पिछली बार जब उसका विधेयक प्रस्तुत हुआ था जो अब अधिनियम के रूप में है तो मैंने कुछ चीजों के आधार पर उसका विरोध किया था। लेकिन फिर भी जैसा आपने पास किया हमने सन्तोष इस बात पर किया कि कुछ लोग जो अधिकार किए हुए बैठे थे अपने फौलादी पन्जों में उस विद्यालय को कसे हुए बैठे थे, उनके पंजे ढीले होंगे। लेकिन अब मैंने सुना है कि अब फिर वही सारी की सारी शिथिलता आ रही है और उसमें आप कुछ परिवर्तन करने के लिए उद्यत हैं। कहावत वही हुई कि आगे क्यों बढ़ते हैं कि लड़ेंगे? कहा पीछे क्यों खिसक रहे हैं? कहा कि डर लग रहा है। जब आपने इतनी हिम्मत से एक काम किया था तो उसका दृढ़ता से पालन करना चाहिए। इसलिए अलीगढ़ विश्वविद्यालय के विकास के लिए, उसकी उन्नति के लिए जो निश्चय किया था यदि वह ठीक है तो उसको क्रियान्वित कीजिए। इस समय जो राजनीतिक चालें वोटों को लक्ष्य में रखकर या और किसी प्रकार से चली जा रही हैं उनके सामने आपको झुकना नहीं चाहिए।

श्रीमती सहोदराबाई राय (सागर) : सभापति महोदय,.....

सभापति महोदय : आप बैठिए। देखिए, मेरे पास जो लिस्ट है वह आपके व्हिप की तरफ से आई है। मैं उसी को फालो कर रहा हूं। दूसरी बात यह है कि लिस्ट बड़ी लम्बी है। इस वजह से मैं ज्यादा समय लोगों को नहीं दूंगा। पांच से सात मिनट दूंगा चाहे इस साइड के हों या उस साइड के हों।

SHRI K. MALLANNA (Madhugiri): Sir, I support the demands for the Ministry of Education. While supporting them, I would like to give some suggestions with regard to educational policy. Why should we give education to our youth? Why should we spend crores of rupees over education? The Centre is spending so much of money. The States are spending crores of rupees over education. Is our educational approach fulfilling the aspirations of the people and of the youth? Are we taking into consideration the growing awareness among the youth, the students and the people with regard to the socio-economic and political justice?

Does our educational approach help in self-employment of youths and relieve the youth from office job seeking. What is the result.

Our education policy is as old as the British rule. Even after 25 years of independence our education system

is the same. So many changes have taken place. But our education policy maintains the *status quo*.

Under the present system of education, our educational institutions are producing students and youths only fit for office jobs. Our education system is like a big factory, which produces machine tools. Those tools are meant for only specific purpose; like that our educated young people fit only specific purpose, jobs in the offices. Now the outlook of the people is changed.

Among students and youths there is unrest, indiscipline etc. This is not only among the youths and students but also among teachers and parents. All this is due to our wrong educational approach.

There are vast differences with regard to managements of private and public schools, colleges and universities. In private schools the managements collect heavy tuition fees, contribution amount, earnest money etc., making huge profits. They have become actually commercial institutions. I need not say much about these things. The staff and teachers have no security and they are poorly remunerated. In public schools, colleges and universities, the staff and teachers are worrying about their grievances and studens are worrying about their rights and standard of education.

The unemployment is due to defective policy of education. Due to unemployment and under-employment, there is unrest among our youths. The youths of the country have surrendered all their zeal, and enthusiasm. Due to improper nourishment, they have lost their mental and physical strength. There is restlessness in the country. Occasionally we hear of disturbances among the youth, teachers and parents because of all these factors. All these lead to demoralisation in society. All these are due to our existing educational approach.

So we have to realise that our educational policy should be changed so as to rouse the awareness of the people with regard to socio-economic and political justice so as to make them take to self-employment and it should raise the standard of education.

Lastly we must think of the growing population and its menace to society. We must introduce population education so that our young generation should study the population situation, in family, community and the nation. We are spending crores of rupees on family planning over married people.

Our younger generation should know the situation as well in future. The object of population education should be to enable the students to understand that family size is controlable. The population limitation can facilitate the development of higher quality of life. The population education will also enable the students to appreciate the facts for preserving the health and welfare of the family, to ensure economic stability of the family and assure good prospects for younger generation.

Sex education is universally accepted in these days for the younger generation. So many countries are following it. I am concerned with sex-education only, so far as it relates to the objective population education. There should be no controversy or confusion. In our new policy of education the major components of sex-education with the Human physiology and reproduction, contraception, social interaction with human sexuality. Since our students are already studying biology, human reproduction, the new traits may also be introduced easily. It helps the students in developing a healthy outlook. Of course, this programme should be handled very carefully. We should study the needs of the community, its social norms and cultural backgrounds. It should be managed by competent people and proper evaluation should be done before extensive programme is under taken.

Unless we control our population and give its due place in our educational

[Shri K. Mallanna]

system, we will not be able to solve the multiple economic, social and political problems of our country.

In the light of these things, I feel that there must be change in the existing pattern of education and it must be implemented.

श्री हीरा लाल डोडा (बांसवाड़ा) : सभापति महोदय, में अपने आपको सौभाग्यशाली समझता हूं कि आपने मुझे शिक्षा एवं समाज कल्याण मंत्रालय की मांगों पर बोलने का मौका दिया है। शिक्षा मंत्री जी ने सन 1969 से 70 और 1972–73 के बीच की चतुर्थ योजना की अवधि के लिये पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिये समाज-कल्याण विभाग की मार्फत जो कार्यक्रम चलाये गये तथा पिछड़े एवं गरीब बच्चों को दी गई छात्रवृत्तियों तथा शिक्षा विभाग द्वारा दी गई धनराशि का अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है। मैं 25 वर्ष पूर्व की तरफ नजर डालता हूं तो मुझे लगता है कि देश के अन्दर शिक्षा की प्रगति हुई है । उस समय के कालिजों, उस समय के प्राइमरी स्कूलों और आज के कालिजों और स्कूलों के स्तर में काफी फर्क पड़ा है । मगर देश के 80 प्रतिशत गांवों में बसने वाले गरीब वर्ग का स्थान वहीं का वहीं नजर आता है । आर्थिक स्थिति 25 वर्ष पूर्व से आज ज्यादा खराब है । उनके पास न जमीन और न कोई उद्योग धन्धा है । उस पिछड़े वर्ग तक आज न बिजली पहुंच पायी है और न दूसरे साधन पहुंच पाये हैं, जब कि समाज कल्याण विभाग के द्वारा पिछड़े एवं गरीब वर्ग के लिये नई-नई योजनायें बनीं, करोड़ों रुपये के बजट बने और खर्च हो गये । उनके आंकड़े संसद के सामने आते हैं । मैं शिक्षा मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि इस खर्च के अनुपात में शिडयूल्ड कास्टस और शिडयूल्ड ट्राइब्स की कितनी उन्नति हुई है।

मैं शिक्षा और समाज कल्याण मंत्री जी से यह भी पूछना चाहता हूं कि 25 वर्षों के बाद गांवों में, पहाड़ों में, जंगलों में बसने वाले आदिवासियों की क्या स्थिति है ? बड़े बड़े शहरों में कालिज बन गये हैं, स्कूल बन गये, उन बच्चों के लिये पढ़ाई की व्यवस्था है, उनके लिये बैठने की सुविधा है, मगर गांवों और पहाड़ों के मध्य में रहने वाले आदिवासियों के बच्चों के लिये बैठने के साधन भी उपलब्ध नहीं हैं और न पक्के भवनों की व्यवस्था है । गांवों में जब स्कूल का भवन बनाने की बात आती है तो सरकार पहले ही कहना शुरू कर देती है कि गांव वाले स्कूल का भवन श्रमदान में बना कर दें, तब स्कूल खुलेगा । क्या यह गरीब वर्ग के साथ अन्याय नहीं है ...

सभापति महोदय : लिख कर लाने और पढ़ने की आदत अच्छी नहीं है । नोट्स बना कर लाय, उसको कन्सल्ट करना एलाउड है । हम देख रहे हैं कि आपके पूर्व वक्ता भी उसी तरह से लिख कर लाये और यहां पर पढ़ गये और आप भी पढ़ रहे हैं, यह पद्धति अच्छी नहीं है ।

श्री हीरा लाल डोडा : सभापति महोदय, मैं तो पहली दफा बोल रहा हूं, इसलिये तैयार करके लाया हूं । आप कृपा करके मुझे पढ़ने दीजिये ।

मैं जानना चाहता हूं कि क्या शहरों में बसने वाले गांवों में बसने वालों से ज्यादा निर्धन और गरीब हैं ? मैं गरीब और पिछड़े वर्गों की स्थिति सदन के सामने साफ साफ रखना चाहता हूं । आज हमारी सरकार पिछड़े वर्ग को उठाना चाहती है और उसके अनुरूप योजना बनाई जाती है मगर कार्य रूप में परिणत नहीं होती—इसके क्या कारण हैं ?

गांवों में प्राइमरी स्कूलों से लेकर माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शालाओं के भवन निर्माण में काफी मुसीबत है । मैं उन पिछड़े एवं गरीब वर्ग में से आता हूं जहां आज खाने को रोटी मिलना दुर्लभ है, वहां स्कूल

भवन कैसे बन सकते हैं ? मैं अपने क्षेत्र का नक्शा आपके सामने रखना चाहता हूं । गांवों में मिडिल स्कूल खोले जा सकते हैं, उच्च माध्यमिक शालायें खोली जा सकती हैं, मगर भवन निर्माण गरीब वर्ग नहीं कर सकता । मैं अपने गांव में मेरे सामने गुजर रही कहानी आपको बताना चाहता हूं । सन 1953 में मैंने अपने गांव में बड़ी मुश्किल से मिडिल स्कूल खुलवाया । टूटा-फूटा भवन बनवाया लेकिन आज उसकी वही स्थिति है जो 1953 में थी । कारण यह है कि आदिवासियों की स्थिति खराब है । आज हम चाहते हैं कि गरीबों के बच्चों के लिये हाई स्कूल बनें मगर भवन की समस्या आगे बढ़ने से रोकती है । मैंने चारों तरफ अपने हाथ फैलाये, पैर मारे मगर अनाथ के हाथ खाली हैं । भवन कैसे बने यह स्थिति मेरे सामने है । तो गरीबों का भगवान मालिक है ।

इसी प्रकार डुंगरपुर जिले में कालेज होस्टल बन रहा है, उसका शिलान्यास राजस्थान के मुख्य मंत्री महोदय ने किया है मगर उसकी तरफ आज नजर उठा कर नहीं देखा जा रहा है । अतः मैं मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि यह मुसीबत मेरी नहीं है, यह मुसीबत देश की है । उसकी तरफ मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं । पिछड़े एवं गरीब वर्ग के उत्थान हेतु, समाजवाद के सिद्धान्त को चरितार्थ करने हेतु सदन के सामने में कुछ मुख्य बातें रखना चाहता हूं जिस पर सदन गौर करे ।

शिक्षा देश में अनिवार्य कर दी जाये । शेडयूल्ड ट्राइब्स और शेडयूल्ड कास्ट छात्रों को स्कूली फीस से मुक्त किया जाये । हमारे देश की 80 प्रतिशत जनता गांवों में बसती है, वह गरीब वर्ग में आती है । अतः मेरी सरकार से प्रार्थना है कि पिछड़े वर्ग को उठाने हेतु, शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिये गांवों में भवन निर्माण, जैसा कि शहरों में होता है वैसी ही सरकार भवन निर्माण का कार्य अपने हाथ में लेकर बनावे ताकि हमारी नीति को सफलता मिले और गरीबों के बच्चे सुविधा से पढ़ सकें ।

कालेज होस्टल हर जगह खोले जाने चाहिये ताकि पिछड़े वर्ग के छात्र उनमें रहकर अपना अध्ययन कर सकें । पिछड़े इलाकों में जहां माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शालायें हैं वहां उन छात्रों के स्वास्थ्य को मद्दे-नजर रखते हुये डिस्पेंसरी होनी चाहिये । यह समाज कल्याण बजट बनाते समय योजना में अनिवार्य करना चाहिये—यह म मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं ।

अब समाज कल्याण की मार्फत जो पिछड़े वर्ग के होस्टल देश के विभिन्न भागों में चल रहे हैं उनकी तरफ मैं आना चाहता हूं । उन जंगलों एवं पहाड़ों में बसने वाले आदिवासियों के बच्चों को होस्टलों में भरती किया जाता है । सरकार के नियमानुसार समाज कल्याण की मार्फत उनके खाने पीने, कपड़े और किताबों का खर्च दिया जाता है । उन होस्टलों की व्यवस्था अस्त-व्यस्त चलती है । होस्टलों की देख रेख नहीं हो पाती है । रुपये का दुरुपयोग होता है । होस्टलों के मठाधीश अपने बंगले बनाते हैं और छात्रों को खाने के लिए पूरी रोटी नहीं देते हैं । इस लिए मैं यह कहने की स्थिति में हूं कि समाज कल्याण विभाग इसकी जांच करे : इसके साथ ही माननीय सदस्यों से मैं निवेदन करना चाहता हूं कि वे अपने क्षेत्र में समाज कल्याण विभाग की मार्फत या संस्थाओं की मार्फत चल रहे होस्टलों में जाएं और उन छात्रों की स्थिति को देख और उनकी मदद करें । मैं ने कई होस्टलों में जाकर देखा है कि 65–70 छात्रों के लिए एक किलोग्राम दाल ही दी जाती है । आटे की बात मैं क्या करू उनके दर्द को भगवान ही सुने ऐसी हालत है । उन होस्टलों में तमाम छात्रों की रोटी

[श्री हीरा लाल डोडा]

बनने के बाद बांटकर दी जाती है जो प्रति छात्र एक या डेढ़ रोटी हिस्से में आती है। अतः मैं प्रार्थना करता हूं कि होस्टलों की जांच हेतु संसद सदस्यों की एक कमेटी बनाई जाये ताकि वह जांच करके अपनी रिपोर्ट दे सके। मैं कोई शिकायत नहीं कर रहा हूं क्योंकि यह एक वास्तविकता है। हमारी सरकार ने लाखों रुपये शिक्षा पर खर्च किए हैं मगर उसका सही ढंग से उपयोग नहीं हुआ है। बीच में दलाल अपना फायदा उठा रहे हैं।

पोषाहार कार्यक्रम देश के विभिन्न भागों में चल रहा है। पिछले वर्ग के बच्चों तथा माताओं को पौष्टिक आहार प्रदान किया जा रहा है। देश के विभिन्न भागों में 24,600 केन्द्र खोले गए हैं जिनमें 32 लाख को लाभान्वित किया गया है। यह पोषाहार का कार्यक्रम शिक्षा विभाग के शिक्षकों की मार्फत किया जा रहा है। आज का शिक्षक देश का निर्माता है, वह देश का भविष्य बनाता है। मगर आज क्या हो रहा है? शिक्षक अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते हैं और छात्र अपने सेक्शनों में मजे ले रहे हैं। मास्टर पोषाहार की गरम गरम पकौड़ियों में मस्त हैं—यह स्थिति है। वार्षिक परीक्षाओं में छात्रों को पास जरूर कर दिया जाता है मगर योग्यता के बारे में क्या कहा जाये? सभी समझते हैं कि आज का बी० ए० पास विद्यार्थी पुराने जमाने के पांचवीं पास का मुकाबला नहीं कर सकता है। यह आज की स्थिति है। शिक्षक वर्ग अपनी जिम्मेदारी को नहीं निभा पाते हैं मगर वेतन वृद्धि के लिए यूनियनें बनाई जाती हैं और हड़तालें की जाती हैं। पार्टियों का सहारा लिया जाता है और सरकार पर दबाव डाला जाता है तथा अपनी मांगों को मंजूर कराने में जोर शोर से ताकत लगाई जाती है। विरोधी दल के नेता उन शिक्षक वर्ग को उकसाने में लगे रहते हैं। ऐसी ही समस्या हरियाणा, काशी विश्वविद्यालय की हमारे सामने आई है जिस में छात्र संघ के अध्यक्ष श्री हरिकेश बहादुर ने अपने भाषण में स्पष्ट किया है।

हमारी सरकार ने शिक्षा के विषय में काफी तरक्की की है मगर फिर भी सुधार करने की गुंजायश है। मैं मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि मेरे निम्न प्रश्नों का उत्तर संतोषजनक देने की कृपा करें।

देश में अनिवार्य शिक्षा का कानून लागू किया जाये। शेड्यूल्ड कास्ट तथा शेड्यूल्ड ट्राइब्ज के छात्रों को स्कूल की फीस से मुक्त किया जाये। गांवों में स्कूल भवन निर्माण का कार्य सरकार अपने हाथ में ले। कालेज होस्टेल हर जगह खोले जायें। हर माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शालाओं के पास डिस्पेन्सरी कायम की जायें ताकि छात्रों को सुविधा मिल सके। समाज कल्याण के होस्टलों की सारे देश में व्यवस्था करनी चाहिए।

मैं आशा करता हूं कि मेरी मांगों पर शिक्षा मंत्री महोदय अपना उत्तर देते समय ध्यान रखेंगे।

श्रीमती सुभद्रा जोशी (चांदनी चौक): सभापति महोदय, आज शिक्षा विभाग के मंत्रालय पर बहुत चर्चा हो रही है। हमारे एक साथी पाराशर साहब ने इसका जिक्र किया कि स्टेट सब्जेक्ट है या सेन्टर का सब्जेक्ट है, इस बात के झमेले में स्कूलों और यूनिवर्सिटियों की सारी शिक्षा की हालत बहुत खराब है। मैं तो यह कहना चाहती हूं कि हमारी सरकार ने बड़े बड़े काम खराब किए, बहुत बड़े बड़े लोहे के कारखाने लगाये, इंजन बनाए और बहुत काम हैं जो अभी नहीं किए पर फिर भी ऐसा लगता है कि जो सबसे ज्यादा आवश्यक काम था वह था हमारे नवयुवकों को बनाना, बच्चों को बनाना, मेरा ख्याल है उस तरफ सरकार ने बहुत कम ध्यान दिया है और इसका मुझे बहुत अफसोस है। इस बात की सरकार को मुबारिकबाद है, मुझे ऐसा लगता है शायद पहली दफा कैबिनेट

को यह विभाग दिया गया है (व्यवधान) खैर यह बात हुई पर अभी भी मेरी राय है कि शिक्षा का सारा काम या तो केन्द्र को अपने हाथ में लेना चाहिए या ऐसा कोई कोआर्डिनेशन होना चाहिए जिससे कि अच्छी तरह से काम हो सके ।

बरसों हो गए हम लोगों को सुनते कि टेक्स्ट बुक्स को अच्छी तरह से सुधारा जा रहा है और उसमें जो नफरत की चीजें हैं, जो लोगों को अलग अलग करने की चीजें हैं वह उसमें से हटाई जा रही हैं पर अभी तक उसका कोई परिणाम हमारे सामने नहीं आया है । कई साल हुए एक कमेटी बैठी थी "सैयदीन कमेटी" उस कमेटी की रिपोर्ट हम लोगों को चुपके से तो देखने को मिल गई पर सरकारी तौर पर उस कमेटी की रिपोर्ट पर क्या कार्यवाही हुई वह आज तक हमको मालूम नहीं है । मैं चाहती हूं मंत्री महोदय उस पर रोशनी डालेंगे । सैयदीन कमेटी की रिपोर्ट के बारे में मैं एक बात साफ करना चाहती हूं कि उन दिनों में जो किताबों की शिकायत हुई थी वह किसी खास जमात की तरफ से हुई थी पर जहां तक शिकायतों का ताल्लुक है उससे कोई हिन्दु मुसलमान का ताल्लुक नहीं था, एक विचारधारा की बात है जोकि सभी को देखना चाहिए कि बच्चों को किस तरह से शिक्षा मिले ।

दूसरी बात यह है कि जो ऐसे हमारे स्कूल और कालेज हैं जो अभी भी प्राइवेट तौर पर चलते हैं वह ज्यादातर टीचिंग शटाप्स की तरह से हैं जहां पर व्यापार ज्यादा होता है और पढ़ाई की तरफ कम ध्यान दिया जाता है। मुझ को बहुत पहले एक स्कूल प्लस कालेज प्लस यूनिवर्सिटी और पता नहीं क्या क्या वह थी वहां पर प्रिंसिपल रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था । वहां पर टीचर्स को जो तनख्वाह दी जाती थी, किसी को ज्यादा दी जाती थी कम की रसीद उससे ली जाती थी ताकि दूसरे लोग शिकायत न करें और किसी को कम दी जाती थी और उससे रसीद ज्यादा की ली जाती थी । इस तरह से कई किस्म का हेर फेर वहां पर होता था । जब मैं ने उस स्कूल प्लस कालेज प्लस यूनिवर्सिटी से इस्तीफा दिया तो उसके मैनेजिंग डायरेक्टर ने मुझ से कहा आप अभी पढ़कर आई हैं और आप समझती हैं मैं खराब आदमी हूं । इस लिए आप जा रही हैं, और उन्होंने कहा कि आप ने दुनिया देखी नहीं है, अभी आप देखेंगी कि दुनिया में मुझसे भी ज्यादा खराब लोग हैं । सभापति महोदय , यह बात सच है कि प्राइवेट स्कूल और कालेजों का बहुत बुरा हाल है और उस की तरफ जरूर को ज्यादा ध्यान देना चाहिए । यह जो प्राइवेट स्कूल और कालेज हैं, चाहे किसी यूनिवर्सिटी से ताल्लुक रखते हों, उन की जो मैनेजिंग कमेटीज हैं, उन का अपना पढाई का क्या स्टैन्डर्ड है, इस का भी कोई सर्वे होना चाहिए । मुझे बलरामपुर के एक डिग्री कालेज का मालूम है, कि उस की मैनेजिन्ग कमेटी में चौथी और पांचवी जमात पास लोग भी नहीं हैं, जोकि पढे लिखे टीचर्स और प्रोफेसरों को इंटरव्यू के लिए बुलाते हैं जो कि आने वालों के लिए बड़ा ह्यूमिलियेटिंग एक्सपीरियेंस होता है । वहां टीचर्स का प्रोवीडेंट फंड का रुपया गायब सब तरह के फंड गायब, और जब टीचर्स ने प्रधान मंत्री को मेमोरन्डम दिया कि इस की जांच हो तो जितने लोगों ने मेमोरंडम पर हस्ताक्षर किए थे सब डिसमिस हो गए, उन का आज तक पता नहीं है । कई दफा इस बार में गोरखपुर यूनिवर्सिटी को और चांसलर के पास दर्खास्त की गयी लेकिन आज तक उन की कोई तहकीकात नहीं हुई । हमने राजाओं से रियासत ले ली, और बहुत कारखाने ले लिये, लेकिन कालेजेज और स्कूल अभी तक उन लोगों के हाथ में छोड रखे हैं कि तुम चाहे जैसा बनाओ ।

सभापति जी, अभी एक वकालत आप ने सुनी जो बनारस में आर० एस० एस० कर रहीं है, उस की किस जोर से यहां पर वकालत की गयी और मंत्री महोदय तथा सरकार को किस तरह से धमकी दी गयी । किस तरह से

[श्रीमती सुभद्रा जोशी]

उन्होंने स्वीकार किया कि दो साल पहले हम ने कह दिया था कि इस वाइस-चांसलर को हटाओ नहीं तो यहां पर यह परिणाम होने वाला है। आप को यह मालूम हो जाना चाहिए कि कौन लोग हैं जो बनारस विश्वविद्यालय में इतना उधम मचा रहे हैं ? कौन लोग हैं जो वहां पर शाखाएं चला रहे हैं ? आज वहां की इमारत का मामला अदालत में पड़ा हुआ है। पर क्या यह मामला भी वहां अदालत में पड़ा है जो वहां पर 36 शाखायें चल रही हैं और उन को बन्द नहीं किया जाता मैं मंत्री महोदय से आज पूछना चाहती हूं कि बनारस यूनिवर्सिटी का हाल देखिये जहां 35 शाखायें चलती हैं, जहा पर हथियार, बल्लम, लाठियां, तलवार यूनिवर्सिटी के अन्दर चलती हैं, बम भी गिराये जाते हैं और बनाये जाते हैं। और सभापति महोदय मैं मंत्री महोदय का उसी बनारस शहर के दूसरे मोहल्लों का जिक्र करना चाहती हूं कि उसी बनारस में एक कानून पास नहीं हुआ तो कुछ लोगों ने काले पट्टे बांध लिये एक यूनिवर्सिटी के बारे में। एक यूनिवर्सिटी में बम चलाये जाते हैं, तलवारें रखी जाती हैं, लाठियां चलायी जाती हैं, कत्ल किये जाते हैं और वहां सरकार खामोश रहती है, और उसी शहर के मोहल्लों में अगर कोई यूनिवर्सिटी का कानून पसन्द नहीं आया वहां किसी ने काले पट्टे बांध लिये, आज वहां पर जो अत्याचार किया जा रहा है वह इतिहास में लिखी जाने वाली बात है। इस लिये मैं मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि शिक्षा ऐसा मंत्रालय है जिस को सबसे पहले इस देश में यह साबित करना है कि इस देश में धर्म और भाषा के ऊपर कोई भेद नहीं किया जायेगा, और शिक्षा मन्त्रालय को पहले कदम उस तरफ उठाना चाहिए।

सभापति महोदय अलीगढ का कानून पास हुआ, अभी हमारे डप-मंत्री महोदय ने कहा कि अलीगढ यूनिवर्सिटी का जो कानून पास हुआ उस पर मंत्री महोदय रोशनी डालेंगे। इसके बारे में बहुत नहीं कहना चाहता हूं, एक ही बात कहना चाहती हूं, और यह कि दुनिया में कोई कानून सरकार का बनाया ऐसा नहीं होता जो कानून आवश्यकता पड़ने पर तबदील न किया जाये, उस को सुधारा न जाय। उस वक्त जब यह कानून पास हो रहा था उस के भी कई साल पहले से फिरकापरस्त लोगों ने और फिरकापरस्त जमातों ने इतना उधम मचा रखा है कि उस कानून को ठीक से सोचने समझने का मौका ही नहीं देते। उन फिरकापरस्तों की खिचातानी में अलीगढ कानून की जो ऐकेडेमिक साइड थी उस की तरफकम तवज्जह देने का मौका मिला। इसलिये मैं कहना चाहती हूं कि कोई भी कानून हो, खासकर जो यूनिवर्सिटी से संबंधित है, जो पढ़ने पढ़ाने वालों से ताल्लुक रखता है, वह उन की समझ में आना ही चाहिये। चाहे हम कितने ही क्रान्तिकारी कदम उठायें डेमोक्रासी में हम को जनता को साथ ले कर चलना है और जनता को समझा कर साथ ले कर चलना है। इस लिए कभी कभी हमारे क्रान्तिकारी कदमों की गति धीमी हो जाती है। क्या सरकार के पास कोई ऐसा क्रान्तिकारी कदम समाजवाद की तरफ तेजी से चलने के लिये नहीं है ? सरकार इसीलिये धीमी हो जाती है कि उन को भारत के करोड़ों लोगों को समझाकर साथ ले चलना है इसलिये धीमे चलना पड़ता है। इसलिये फिरखापरस्ती का मुकाबला, कम्युनिलिज्म का मुकाबला अनडेमोक्रेटिक तरीके से नहीं हो सकता है, उस को डेमोक्रेटिक तरीके से ही करना होगा। अलीगढ़ की ही बात नहीं, मैं तो यह कहूंगी कि मंत्री महोदय जितनी सेन्ट्रली ऐडमिनिस्टर्ड यूनिवर्सिटीज हैं उन के ऐडमिनिस्ट्रेशन के बारे में यूनिवर्सिटीज से सम्बन्ध रखने वालों की, सब की राय लें, और कोई ऐसा नक्शा बनायें जो कि सब किस्म की सेन्ट्रल यूनिवर्सिटीज लग सके। ऐसा कोई इंतजाम करें और वह सब पर लगाने की कोशिश करें तो मैं समझती हूं कि ज्यादा फायदा होगा। और चलेगा।

आखिरी बात मैं यह कहना चाहती हूं कि हमारे उप-मंत्री महोदय ने उर्दू का जिक्र किया। अब इस बारे में क्या कहा जाय? एक तो पहले ही उर्दू पढ़ाने के लिये किस्म किस्म की शर्तें हैं कि कितने विद्यार्थी हों तब उर्दू पढ़ाने की सहूलियत हो सकती है। अब विद्यार्थी कोई यूनियन तो बना कर आते नहीं हैं कि 20–25 एक साथ जायें। जब एक-एक जाते हैं तो अध्यापक कहता है कि तुम तो एक ही हो। जब दूसरा आता है तो वह भी एक ही आता है। तो उर्दू की क्लास शुरू नहीं हो पाती है। इसलिये मैं मंत्री महोदय से कहना चाहती हूं कि जब आपने उर्दू पढ़ाने का ईमानदारी से फैसला कर लिया है तो यह शर्तें हटानी चाहिये ताकि सचमुच लोगों को पढ़ने का मौका मिले। साथ ही अगर उर्दू पढ़ानी है तो उर्दू की किताबें भी मिलनी चाहियें। दिया तले अंधेरा वाली बात दिल्ली में लागू होती है। यहां उर्दू की किताबें कई सालों से विद्यार्थियों को नहीं मिली। क्या फायदा आप की पौलिसी से? आप कहते हैं कि यह हमारी नीति है, आप कहते हैं कि संविधान में इस की व्यवस्था है, फिर भी अगर उस की उन्नति न हो और कोताही हो तो यह बात लोगों के दिल पर चोट करती है। इसलिये मैं मंत्री महोदय से निवेदन करूंगी कि इन सब चीजों का इंतजाम करें और ऐजुकेशन को अपने हाथ में ले कर सही करें ताकि यह जो प्राइवेट टीचिंग शौप्स जगह वह जगह खुली हुई हैं इनको बन्द किया जा सके।

आखिर में एक बात और कहनी है और वह यह कि जो पब्लिक स्कूल खुले हैं और उनमें पढ़ाने में जो अन्तर है, सारे स्कूलों में, इस को बन्द होना चाहिये। मुझे मौका मिला एक गांव में जाने का जहां एक गांव के टीचर्स ने जमा होकर कहा कि हमारे बच्चों के लिये स्कूल खुलना चाहिये। मैंने कहा कि आपके पड़ोस में स्कूल हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पड़ोस में जिस स्कूल में हम पढ़ाते हैं हमारे बच्चे उस स्कूल में पढ़ नहीं सकते, उन को वहां पढ़ाना मना है उन्होंने कहा कि हम यहां उन बच्चों को पढ़ाते हैं, जिन के मां-बाप की बहुत आमदनी है, वे मोटरों पर चढ़ते हैं, उनके बच्चे मोटरों पर चढ़ते हैं इस स्कूल में उन बच्चों के बैठने के लिए कुर्सी-मेज है। उन्होंने कहा कि इस स्कूल में हमारे बच्चों को पढ़ाने की इजाजत नहीं है, हमारे बच्चों को ऐसे स्कूलों में पढ़ना पड़ता है, जहां बैठने के लिये टाट या चटाई भी नहीं है, डेस्क नहीं हैं।

मैं निवेदन करना चाहती हूं कि हमने आज नहीं तो कल, दस या बीस या सौ बरस बाद इस देश में समाजवाद लाना है। लेकिन अगर हमारे बच्चों की परवरिश, पढ़ाई और नौकरी पाने में इतना फर्क होगा, तो वह दिन कभी नहीं आयेगा, इस बात की मुझे चिन्ता है। इस लिये मैं चाहूंगी कि सब स्कूलों को फौरन एक जैसा बनाने की कोशिश की जाये।

SHRI SAMAR GUHA (Contai): I want to start with a leading question to the hon. Education Minister. How long should this process of mass production of unemployed degree-holders and that too, nowadays, spurious degree-holders, continue in the name of education? The educational system not only has become a junk but its objective has become absolutely obsolete. We are carrying the legacy of the imperialist days when some kind of degrees were given to the students to make clerks.

Now, the effect is terrible. You are creating aspirations in the minds of those unemployed having BA and MA degrees. They are not getting employment. Aspirations are high, yet no requisite qualifications nowadays. The result is tension, conflict and frustration,—the result is education is out of tune with the social life.

In West Bengal I just cite you one instance, just a week before, according to press reports, in the live register of the employment exchange are 14 lakhs degree-holding unemployed

[Shri Samar Guha]

youth-a mass production of the Universities and Colleges. If you take the total figure of the whole country, it will be a fantastic figure. This fantastic figure does not require any sociological research to understand as to how they are contributing to the instability of the country, how they are contributing to the tension, how they are contributing to the regional tension and how they are contributing to the political conflicts. Recently, you yourself said in the House that there are regional conflicts in Assam, Orissa and other parts where the students have taken prominent part. In Assam, it is mostly students who have taken part in these regional conflicts. Not only so, it indicates that the sons of the soil theory is vitiating the whole concept of our national integration and the sons of the soil theory is getting into the minds of those youngs, I say, those degree-holding unemployeds who have high aspirations. But there is a dangerous tendency of the erosion of the concept of national unity and national harmony. Regional concept is growing. I would say that the main reason of these tensions and conflicts, agitations, regional imbalances and the dangerous possibility of erosion of the whole basis of our national integration is this faulty system, this obsolete system of education.

I am extremely sorry to say that although there have been four Plans and we are just now going to the Fifth Plan, nevertheless it is strange, Sir, that in none of the Plans the importance of the education and its co-relation with the other aspects of planning has been mentioned. When we, the Opposition Leaders, had a discussion with the Planning Minister, he was mentioning about that, but, going through pages after pages, I do not find any integrated scheme or any idea of how to integrate the planning with education and without integration of planning with education, as I said, these problems of unemployment and consequent regional tension will wreck the whole future of the country.

Sir, I have a pet subject, you know, that I draw inspiration from where. Netaji Subhash Chandra Bose while drawing out the future outline of planning, in free India gave third priority to education. First, defence-centric industries, second, employment-centric agriculture and other jobs producing small scale industries, and third, education and then other things.

I want to draw the attention, of the Honble Minister Sir, that he should have the courage to take certain decisions. About that decision of educational courses i.e., 10 plus 2 plus 3 scheme. Out of this 10 plus 2, this 2 must not be either junior college or the intermediate college. This idea of intermediate college or junior college must be cast aside.

There must be rigorous admission of meritorious students and at the moment I would place this at 50 per cent although I would prefer 60 per cent,—but since at the present moment there are various difficulties I would place this at 50 per cent. If you can do it that would be better. What is absolutely necessary. I think, is that we should have professional oriented education,—I won't say job-oriented,—.If you give more emphasis on professional-oriented education, then, there is the possibility of creating a sense of purpose in the minds of our youth, of our students. Then you will be able to create a feeling of faith in themselves which will greatly help us in lessening the sociological imbalances and tensions developing outside.

Then with regard to the period of education of ten plus two years, in West Bengal, while they followed 11 years till now, they are now reverting to the 10 year period and they are devising junior college, intermediate college. They are only reverting back to the system which was there 15 years ago. There is utter confusion in the whole method of education, in the whole curriculum, in the system of education and there is no coordination, no homogeneity.

A conference of Education Ministers should be called to devise a system of uniformity upto the secondary and higher secondary stages. Let there be uniformity in the method of teaching, let there be proper system of examination and curriculum and let there be uniformity all over the country. There are varicus difficulties regarding admissions about which I cannot go into in detail at this stage as I have no time, but one thing I would say and that is, that this uniformity in the curriculum, in the method of teaching and also examination of the students is a must. Have higher education, university education, post-graduate edueation etc. only for the meritorious boys and for no other boys. Leave the rest to the professional type of education. Only then you will be able to tackle this problem.

Recently I had occasion to go through a few history books; particularly of the English-medium schools. These are produced by Macmillan, Orient Longmans etc. They are written by British authors. I am horrified to go through them and I wondered whether we are living in Victorian age or that of George V. These books make casual mention of Gandhiji. they don't devote enough attention to our freedom movement or on the important role played by Netaji, but about the visit of Queen Victoria, four or five pages are devoted.

THE MINISTER OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE (PROF. S. NURUL HASAN): Would you be kind enough to let me have the names of some of those books.

SHRI SAMAR GUHA: Certainly, Sir, I will do it. I am telling you about these things because this leads to cultural erosion of our youth. Cultural synthesis of the country is based on proper study of our own national history. In many school boards of different States only 50 per cent marks in history is being introduced. With 50 per cent marks in history how can they understand the national culture? This is what I would particularly wish to stress for the attention of the hon Minister. They should take special care to see that proper history, not communal history, is being taught to our students—proper history having national perspective and the idea of national synthesis, at the formative, primary stage, so that the whole idea of national integration is stuck in their mind. You should have a few mobile exhibitions, particularly in the train, which may go all over the country and show some good films on national culture and national unity and the history of freedom. The audio-visual means of projecting national ideas into schools is very necessary. It is very dangerous that the concept of our national unity is getting eroded. It may lead to dangerous consequences.

16.00 hrs.

About Aligarh Muslim and Banaras Hindu universities I will say that you have done the original crime. You may have any theological university for the Muslims, Hindus and Christians but in the science course and the humanities course it is crime to have this concept of communal education. In the Bangla Desh constitution they have banned not only communal political parties but also denomination of any institution with communal or religious names. Have courage after the liberation of Bangla Desh and try to get out of this communal morass. Let there be theological university, if they want it, but not national university.

Now, a word about Dr. Sharimali. I should say the gentleman was Education Minister here. It is better if some friends advise him to quit. He has bungled and mismanaged and the whole nation is victim of it.

[Shri Samar Guha]

Lastly, about Dr. R. C. Majumdar. I have raised this question many a time in the past. He is 82 years old. He is doing great work of erudition and scholarship in history but you have not recognised him for national professorship. You have awarded national professorship to many. You have not honoured such an international scholar.

I want to ask one question whether in the Social Welfare Department the fund that was provided for war widows and destitute women—it is worth lakhs of rupees—has remained unspent. If it is so, why it is so? About the Children Welfare Policy Resolution, I would like to know how long it will continue to hybernate. There should be an integrated policy regarding Children Welfare Policy Resolution, National Children Board; services for children and youth in rural and urban areas and expansion of family and child welfare projects. How long would you take to integrate all these organisations? How long would you be in a state of uncertainity about the development of integrated policy in regard to children?

A word about Social Welfare Board. It mostly deals with women. As you are thinking of having a Children Welfare Board why not call the Social Welfare Board as Women Welfare Board and seek the help of really dedicated voluntary organisations for the same.

श्रीमती सहोदराबाई राय (सागर) : सभापति महोदय, आपकी निगाह बड़ी अच्छी रही जो आपने मुझे मौका दे दिया। मैं आपको धन्यवाद देती हूं और शिक्षा मंत्रालय की जो मांगे हैं उनका भी मैं समर्थन करती हूं। मैं अंग्रेजी राज्य में पैदा हुई थी। 1947 के बाद से मैं देख रही हूं, 1947 से पहले शिक्षा में इतनी उन्नती नहीं थी जितनी हमारे यहां सन् 1947 के बाद हुई है। क्योंकि पहले देहातों में न मिडिल स्कूल थे न हाई स्कूल थे और अब हरएक जगह प्राइमरी स्कूल, मिडिल स्कूल और हाई स्कूल खुले हुए हैं। मैं अपने मध्य प्रदेश की बात करती हूं क्योंकि यह यू०पी० का झगड़ा तो बराबर बना ही रहता है, न जाने कौन ग्रह लगा हुआ है। हमारे मध्य प्रदेश में बड़ी-बड़ी यूनीवर्सिटीज खुली हैं जैसे सागर यूनिवर्सिटी है, इन्दौर यूनिवर्सिटी, जबलपुर यूनिवर्सिटी है। मध्य प्रदेश में हर एक जगह आज यूनिवर्सिटी हैं। कोई झगड़ा नहीं है, न हमारे यहां के लड़के झगड़ा जानते हैं डिप्टी मिनिस्टर साहब यहां हैं मैं उन से कहूंगी कि आप मध्य प्रदेश को ज्यादा से ज्यादा अनुदान दीजिए ताकि हमारे यहां की यूनिवर्सिटीज और स्कूलों में किसी प्रकार के झगड़े न हों और पढ़ाई ठीक से हो।

हमारे जो इतने लड़के और लड़कियां पढ़ कर निकलती हैं इन विद्यालयों से उनको कोई नौकरी नहीं मिलती और वे मारे-मारे फिरते हैं। तो ऐसी हालत में उनके लिए क्या कदम उठाने चाहिए यह आप सोचिए। जो एम० एल०ए० और एम०पी० उस क्षेत्र के होते हैं उन के यहां आकर वह दिन भर इक्ट्ठा होते हैं। कहां तक चाय पिलाएं और कहां तक गालियां सुने ? तो कैसे उनको नौकरी मिल सके इसके ऊपर सरकार सोचे। एक मेरा सुझाव है कि एक तो जो हाई स्कूल या मिडिल स्कूल हों वहां कृषि की शिक्षा मिलनी चाहिए क्योंकि देहात के लड़के बहुत आते हैं। उनके लिये कृषि की शिक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए जो वह सीखें। नहीं तो हाई स्कूल या यूनीवर्सिटी से पढ़ कर निकलते हैं, नौकरी नहीं मिलती, घर जाते हैं तो खेती काम या घर का कोई काम वह करना नहीं चाहते। टेकनिकल स्कूल हों जहां लोहे का काम, बढ़ई का काम, लकड़ी का काम उन्हें अपने स्कूल में ही सिखाया जाये जिससे नौकरी न मिले तो अपने पैरों पर वह खड़े हो सकें।

जो थर्ड क्लास पास होने वाले लड़के होते हैं उनका तो कोई नाम ही नहीं लेता। उनके लिये कोई जगह कहीं नहीं होती। तो वह रात दिन

हम लोगों को कोसते हैं और गालियां देते हैं और शिक्षा मंत्री को भी गालियां देते हैं ऐसी स्थिति में उनके लिये कुछ काम दिलाने का उपाय सोचना चाहिये ।

SHRI EBRAHIM SULAIMAN SAIT: I do not yfield. We are having a discussion. Secular character means and the Constitution means that there should be protection to minorities when minorities exist.

MR. CHAIRMAN: The discussion is specific. You may refer to matter which may have taken place here and there. At the same time by dilating upon them and taking your entire time on it, you are wasting your time because you may have very important suggestions to make as far as education is concerned which you may not have the time to make.

SHRI EBRAHIM SULAIMAN SAIT: When I knew about these facts about the situation existing in the University, I just thought of raising the issue here at this time.

MR. CHAIRMAN: You can have another opportunity.

SHRI EBRAHIM SULAIMAN SAIT: Aligarh Muslim University issue is part and parcel of our educational system. It is a central university and hence the entire responsibility lies with the Education Ministry of the Government of India. Nobody can shut out the discussion of Aligarh Muslim University here.

May I say that Aligarh has produced some of the greatest sons of the country? People like Maulana Mohamed Ali, Dr. Zakir Hussain, Rafi Ahmed Kidwai, Maulana Hazrat Mohani and Raja Mahendra Pratap have all been the products of Aligarh Muslim University. These are facts. There is no question of national or anti-national in this. I am talking of facts.

SHRI VASANT SATHE (Akola): Why do you want to destroy that character?

SHRI EBRAHIM SULAIMAN SAIT: We do not want to destroy it. On the other hand, we desire to safeguard such a character. This great University has produced some of the great sons of this country. We have done great service to the country.

DR. KAILAS: We are worried about the future, not the past. Talk of the future. hink of what our grand children will say about us.

SHRI EBRAHIM SULAIMAN SAIT: Yes, we are also worried about the future of Aligarh Muslim University. We want that the minority and democratic character of the institution should be protected and continued.

You may ask what is the minority character? We do not shut out the gates of the university to anybody. Everybody should be there. All the communities should come there to get educated and enlightened, but again, this university has got a peculiar character. The Aligarh Muslim University was established by the Muslims for their own benefit. It was the Muslims themselves who contributed large sums of money, made endowments and constructed buildings, and thus requested the then Government of the country in 1920 to establish a university for the benefit of the Muslim community for their educational development. Even now, most of the Muslims in Bihar, Uttar Pradesh and other parts of the country are a backward community, and therefore they should be helped to come up. (*Interruption*). I want every backward community to come up. Every backward community should be given the opportunity to progress. That does not mean that because some community is not given adequate opportunity to progress, the Muslims also should not be given this opportunity. I do not say that the Muslim community alone should be given educational facilities to progress. I say that all the backward communities should be given equal and adequate facilities to improve themselves.

SHRI VASANT SATHE: You say that it was established by the Muslims, for the Muslims and of the Muslims. Is that your concept of your secularism?

SHRI EBRAHIM SULAIMAN SAIT: I have already said what I understand about secularism. I am talking about the estblishment of the university by the Muslims themselves. They gave the funds; they gave the endownment, and the buildings, and it was established for their benefit.

MR. CHAIRMAN: There are non-Muslims also.

SHRI EBRAHIM SULAIMAN SAIT: I admit still there are non-Muslims there. As far as the medical college and the engineering college are concerned, the proportion is 30 per cent Muslims and 70 per cent non-Muslims; and as far as the other departments of university are concerned, it is 60 per cent Muslims and 40 per cent non-Muslims, today.

SHRI VASANT SATHE: Why don't you get representation in the Governing Body? Why don't you accept that? That is more democratic.

MR. CHAIRMAN: Order, please. We are going on a wrong direction. Just a minute. Please sit down. The subject before us is education; you are confining yourself only to take Aligarh Muslim University. Your time is up and I will have to call upon you to end your speech, and then, I am afraid that, in spite of your experience, the House will be deprived of many good suggestions that you may like to give. That is why I request you to confine yourself to education.

SHRI EBRAHIM SULAIMAN SAIT: I am speaking on education, and the Aligarh Muslim University is part of the subject of education. So, it does not mean that I should exclude it when discussing education. When our friends get time they can speak instead of interrupting me now. (*Interruptions*). We can have the benefit of your wisdom also. I am not denying all this.

Now, even when the Chatterjee Commission was there, which went into the question of the Aligarh Muslim University, it suggested that there should be 65 per cent Muslims and 35 per cent non-Muslims in the university. That Commission itself

recommended this sort of proportion as far as the Muslims and the non-Muslim students in the university are concerned. All these facts are there. Now, why are we against the present policy? We say that not only is the minority character, but the democratic character of the university also is completely destroyed. That is what we say. An Aligarh Muslim University Bill was introduced in 1970 in the Rajya Sabha; it was withdrawn. That Bill was much better than the Bill which was introduced in 1972. This Bill we expected will be an improvement on the 1970 Bill. But instead Bill of 1972 was much worse. It went against the autonomy; the democratic character of the university was destroyed. This sort of Bill is being opposed today also by the Delhi and the Banaras Hindu Universities because it has no democratic character at all. The university's autonomy has been completely destroyed. All the powers have been given to the Vice-Chancellor, and Court and the Council is a completely nominated court and council. We want that this should be scrapped. We want that there should be a properly constituted court and council wherein we can have representatives of the minorities and others also with powers to administer the university. There should be effective minority representation, because, when we make a demand of minority charactr, we desire that the effective majority in the Court and Council should be of Muslims. When we say minority character, it also means that effective control should be in the hands of the true representatives of Muslim community.

SHRI VASANT SATHE: So, you say that the communal character should be maintained.

SHRI EBRAHIM SULAIMAN SAIT: No. I say that the minority character should be retained. There is no communalism here. So far as minorities are there, we have got our rights also.

We have to keep our identity. That is why we thought that we must have effective control in the administration of the University and the Muslim majority should be reflected there. This is what we have been demanding, and this is nothing that is against the Constitution. Throughout the country there have been agitations against this Bill. We demand that this Act should be withdrawn immediately and the *status quo* should be established, which means the bringing back of the 1951 Act. A new Bill should be brought based on the recommendations of the Beg Committee, which will fulfil the aspirations of the Muslim minority, and passed. This is what we are asking. Instead of that to have police raj in the university, shut down the University, ask the students to get out, destroy the career of the students and disturb the academic atmosphere in the University is not a wise step. The Government of India, which says that it is democratic and which says that it is a secular Government, should do this to improve the conditions of the student population in this country.

श्री अनंत प्रसाद धूलिया (बस्ती) : अध्यक्ष महोदय, शिक्षा से उपर बहुत से लोग बोल चुके हैं लेकिन मैं सिर्फ इसके सिस्टम पर बोलूंगा । भारतीय शिक्षा पद्धति में लार्ड विलिंगडन के जमाने से परिवर्तन की आवाज आती रही है और यह परिवर्तन अगर कहीं थोड़ा सा हुआ भी तो उसका बहुत ढिंढोरा पीटा गया और इतना रंग चढ़ाकर कहा गया जिसका कोई हिसाब नहीं । स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद सभी राष्ट्रीय नेताओं ने और बड़े बड़े एजूकेशनस्ट्स ने यह कहा कि शिक्षा पद्धति में समाज तथा समय की आवश्यकतानुसार परिवर्तन होना चाहिए । उसके लिए पूरे देश में कमीशन्स बिठाये गए, उसकी मीटिंग्ज की गई और उस पर लाखों रुपए खर्च किए गए परन्तु उसका परिणाम कुछ भी नहीं निकला । उसका इम्प्लीमेन्टशन भी नहीं हुआ और न शिक्षा के ढांचे में कोई पर्याप्त परिवर्तन हुआ जबकि पूरा देश आपके मातहत था, पूरा शासनतंत्र आपके अंडर में था । यह एक बड़ी भारी

[श्री अनंत प्रसाद घूसिया]

दुर्भाग्य की बात थी । इसका कारण क्या है कि जब पूरा देश एक स्वर से यह चाहता था कि शिक्षा पद्धति में परिवर्तन हो, शिक्षा के द्वारा देश की उन्नति हो लेकिन वह नहीं हो सका जबकि पूरा देश आपके साथ था । उसमें कौन सी कठिनाई आई और वह क्यों नहीं पूरा हुआ ? मेरे खयाल में इसका एक ही जवाब है और वह यह है कि गवर्नमेंट ने कोई कारगर कदम नहीं उठाया । उसके साथ साथ यह की ब्यूरोक्रैसी और धनिक वर्ग तथा सामन्तवादी हमेशा जनशिक्षा के विरोधी रहे हैं, वह इसकी आड़ में बैठे रहे हैं । वे लोग कभी भी यह नहीं चाहते हैं कि वहां की शिक्षा जनशिक्षा हो, वह सामाजिक शिक्षा के अनुरूप हो जिससे देश की उन्नति हो क्योंकि इसमें उसका बहुत बड़ा लाभ है । लाभ यह है कि सरकारी नौकरियों में उनको बड़ी से बड़ी जगह मिल जाती हैं । कल-कारखाने चलाने के लिए उनको मौका मिलता है और व्यापार की बहुत सी सुविधायें उनको मिलती हैं । इससे उनको अपार धन इकट्ठा करने में बहुत साधन मिल जाते हैं । मैं तो यह कहना चाहूंगा कि जो मौजूदा तालीम है उससे इस देश की उन्नति कभी भी नहीं होगी चाहे आप कुछ भी करें ।

जब तक इस तालीम को आप प्रोडक्टिव नहीं बनायेंगे तब तक देश की हालत सुधरेगी नहीं । और जो वर्तमान शिक्षा चल रही है इसको तो मेरे खयाल से बरसाती बाढ़ का पानी ही कहना उपयुक्त होगा जिस को न पीजिये तो प्यास बुझती नहीं है और अगर पीजियेगा तो जुखाम और बुखार हो जायगा । अगर इस तालीम को समाज के आवश्यकता के अनुरूप नहीं बनाया गया तो इसका परिणाम यह होगा कि भयंकर बेकारी होगी और इसके साथ नेशनल इंटिग्रिटी और फ्रंटर्निटी बिल्कुल नाम मात्र को रह जायगी तथा देश में बड़ी भारी बेचैनी सी आयेगी । माननीय शिक्षा मंत्री महोदय इसको नोट करें, इसकी शुरूआत अभी से हो चुकी है और आने वाली पीढ़ी इस गलती को कभी माफ नहीं करेगी ।

अब मैं अमरीका और जापान की शिक्षा पद्धति के बारे में बताना चाहता हूं । अमरीका में भी, जैसी इस वक्त वर्तमान शिक्षा हमारे भारतवर्ष में है, जब यूरप से सभी देशों के लोग गये थे वहां पर भी इसी तरह की शिक्षा थी । परन्तु बीसवीं शताब्दी के आरम्भ में उन लोगों ने देखा कि इससे हमारी आर्थिक समस्या हल नहीं हो पा रही है तो बीसवीं शताब्दी के आरम्भ में उन लोगों ने लैंड ग्रान्ट्स एक्ट पास किया और उस ने अनुसार बड़े बड़े फार्म तैयार कराये गये । हर एक सदस्य की कांस्टीट्यूएंसी में इन फार्मों पर साइंस, एग्रीकल्चर, पोल्टी और दूसरी किस्म की जो जरूरी चीजें हैं, सब पर वहां व्यावहारिक ट्रेनिंग दी जाती थी और जो सामुदायिक विकास केन्द्र होते थे उनमें वह काम करते थे । इसका नतीजा यह हुआ कि सभी क्षेत्रों में बड़ी अच्छी तरक्की हुई और देश समृद्ध हो गया ।

अब मैं पड़ोसी देश, जापान का भी जिक्र कर देना चाहता हूं । यहां की शिक्षा तो अमरीका से भी बहुत ज्यादा अच्छी है, और वहां की शिक्षा का ही परिणाम यह है क वहां पर अनुशासन और श्रम के विषय में इतनी मान्यता है कि ईश्वर की पूजा से भी बढ़कर इस चीज की मान्यता दी जाती हैं । इसका परिणाम यह हुआ कि संसार में जितने जहाज बनते हैं उसके आधे जापान में बन रहे हैं । मोटर कार, इलेक्ट्रानिक्स, मशीनरीज, सभी चीजें जापान यूरप के बहुत से देशों, और अमरीका तक से आगे बढ़ गया हैं, जिसका परिणाम यह हो रहा है कि जापान से एक प्रतिस्पर्धा हो गयी हैं तमाम इंडस्ट्रियल कन्ट्रीज की हमारा वह देश है जहां कि आदमी अपने देश में जब आते हैं तो आपकी बड़ी इज्जत करते हैं और आपकी मातृभूमि के आगे सर झुकाते हैं ।

एक चीज में भाषा की पौलिसी पर भी कहना चाहता हूं कि आपकी लैंगएज पौलिसी कितनी गलत रही है । इस देश में भाषा के ऊपर कितने झगड़े हुए हैं जो शायद ही किसी देश में इतने हुए हों जितने कि यहां । यहां पर खून

खराबियां भी हुई । फिर महोदय आपने कुछ जगहों पर संस्कृत यूनिवर्सिटीज खोलीं । संसार में क्या कहीं किसी मुल्क में संस्कृत बोली जाती है ? कहीं भी नहीं । लेकिन फिर भी आपने संस्कृत विश्वविद्यालयों को ग्रान्ट दी । इसके साथ उन संस्कृत यूनिवर्सिटीज में क्या आप बता सकते हैं कि कितने मुसलमान हैं, कितने हरिजन हैं तथा दूसरी जातियों के हैं ? क्या आपने पाली, प्राकृत और फारसी भाषाओं को भी ऐसा ही दर्जा दिया जो कि संस्कृत को दिया? नहीं दिया । इससे साबित होता है कि आपकी भाषा पौलिसी अनवाईस्ड नहीं है ।

आपने कल्चर के नाम पर कुछ ग्रान्ट कुछ किताबों के प्रचार के लिये दी थी, लेकिन क्या आप बता सकते हैं कि गुरु नानक और संत कबीर के उपदेशों और उनके साहित्य के विषय में क्या किया ? कुछ नहीं किया । कबीर और नानक ऐसे संत थे कि जिस समाज में पैदा हुए उसी में रहे और ऐसे उपदेश इन्होंने लोगों को दिये कि हिन्दू इनको अपना समझते थे, मुसलमान अपना समझते थे और अछूत इन्हें अपना मसीहा समझते थे । लेकिन आपने उनके उपदेशों और साहित्य का कोई प्रचार नहीं किया ।

सभापति महोदय : अब आप अपना भाषण समाप्त कीजिये । आप अनुचित लाभ उठा रहे हैं ।

श्री अनंत प्रसाद चूसिया : बस मैं समाप्त ही कर रहा हूं । अन्त में एक बात और कहनी है कि प्राइमरी से हायर सेकेन्ड्री स्कूल तक सब को नेशनेलाइज किया जाय और डिग्री कालेजेज में टैकनालाजी, ऐग्रीकल्चर की पढ़ाई पर विशेष जोर दिया जाय । इसके साथ साथ हरिजनों की शिक्षा के लिये शिक्षा विभाग में एक सैल तैयार किया जाय जो देखे कि हरिजनों और आदिवासियों की शिक्षा का ठीक प्रसार हो रहा है कि नहीं ।

MR. CHAIRMAN: Before I call upon the next Speaker, I would like to inform the House that at 5 minutes to 6 I will call upon the Minister to begin his reply. He will continue his reply tomorrow. I have got so many names. Some threatening letters are also coming to the Chair from some members. I think if members on this side do not take more than 5 minutes, I can call a few of them.

आज मंत्री जी खड़े हो जायगे और कल तक उनका रिप्लाई चलेगा । जितने नाम सदस्यों के आये हैं सब के सब ऐकोमोडेट नहीं हो सकते हैं । मैं समझता हूं कि उसके लिये कुछ न कुछ व्यवस्था करनी पड़ेगी ।

श्री भान सिंह भौरा : एक एक मिनट हर माननीय सदस्य के टाइम में से कम कर दीजिये ।

सभापति महोदय : एक एक मिनट कम करने से मतलब नहीं रखता है । अच्छा होगा कि माननीय सदस्य चेयर के साथ ताबुन करें और कार्यवाही पूरी करने में मदद करें । माननीय शैलानी जो, आप पांच मिनट में अपनी बात कह दें ।

श्री चन्द्र शैलानी (हाथरस) : आप कहें तो एक मिनट भी न बोलूं । मिनिस्टर साहब ने 10 मिनट के लिये मुझसे कहा है और दसवें सरियल नम्बर पर मेरा नाम था, लेकिन आप 31, 32वें नम्बर पर बुला रहे हैं । आप इंसाफ की कुर्सी पर बैठे हैं, थोड़ा आप को सोचना चाहिये । अगर आप नहीं चाहते तो नहीं बोलूंगा ।

सभापति महोदय : आप बोलिये ।

श्री चन्द्र शैलानी: सभापति जी, मैं शिक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों का समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं । महोदय, यह इतना महत्वपूर्ण विषय है कि इतने कम समय में अपने विचार प्रकट करने में मैं अपने को असमर्थ पा रहा हूं । इसलिये मेरा निवेदन है कि थोड़ा सा समय आप मुझे दें । शिक्षा के ऊपर किसी भी देश के भविष्य का निर्माण होता है । यह बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है और इस पर भारत सरकार ने आजादी के बाद जो अपनी नीति अख्तियार की है वह, मैं यह तो मानता हूं कि शिक्षा के क्षेत्र में काफी उन्नति

[श्री चन्द्र शैलानी]

हुई है और काफी प्रगति भी हुई है लेकिन जिस गति से उसकी उन्नति होनी चाहिए थी, मुझे जैसे इन्सान को उस पर संतोष नहीं है । मेरे जैसा समाजवादी विचारों और सिद्धान्तों को अमल में लाने वाला व्यक्ति यह महसूस करता है कि आज शिक्षा में आमूल-चूल परिवर्तन की आवश्यकता है, और वह तभी सम्भव हो सकता है, जब कि भारत सरकार इस बारे में बहुत गम्भीरता से सोचे और इसकी ओर ध्यान दे ।

यहां मैं महामहिम राष्ट्रपति के उन शब्दों को दोहराना अपना कर्त्तव्य समझता हूं, जो उन्होंने अजमेर में मेयो कालेज में कहे थे : शिक्षित वर्ग के बेरोजगारों की कतारें यह बताते हैं कि आज देश के शिक्षित वर्ग में बहुत बड़ी बेरोजगारी है और उनमें कब क्रान्ति का जलजला फूट पड़गा, कहा नहीं जा सकता ।

शिक्षा मंत्री, श्री नूरुल हसन साहब, भी शिक्षा पद्धति में परिवर्तन के हामी हैं और उन्होंने कई बार कहा है कि आज शिक्षा के क्षेत्र में क्रान्ति होनी चाहिए । हमारे देश की महान् नेता और देश के करोड़ों गरीब, भूखे, नंगे और अनपढ़ लोगों और समस्त जनता के हृदयों की स्वामिनी, श्रीमती इन्दिरा गांधी, ने भी यह स्वीकार किया है कि शिक्षा में जबर्दस्त क्रान्ति की जरूरत है ।

मैं नहीं समझ पाता कि आखिर वे कौन सी चट्टानें हैं, जो हमारा रास्ता अवरुद्ध किये हुए हैं और जिनको हटा हम नहीं पा रहे हैं । मैं इस सम्माननीय सदन में यथार्थवादी विश्लेषण करने की गुस्ताखी करना चाहता हूं कि उन दीवारों को तोड़ने के लिए हमें क्रान्तिकारी कदम उठाने पड़ेंगे । इतिहास से विरासत में जहां हमें गुलामी मिली, वहीं असमानता विषमता, भदभाव, शोषण, साम्प्रदायिकता और जात-पात भी मिली । सामाजिक क्रान्ति और सामाजिक चेतना के द्वारा उनको दूर करना और उन पर विजय प्राप्त करना हमारा लक्ष्य होना चाहिए और वह लक्ष्य है भी ।

कानून बनाने का काम इस संसद का है । यहां ऐसे कानून बनने चाहिए, जिन के द्वारा सच्चे मानों में शिक्षा में आमूल-चूल परिवर्तन हों, जैसा कि हमारे नेतागण चाहते हैं । आज शिक्षा के पवित्र मन्दिरों में चलने वाली ठेकेदारी बन्द होनी चाहिए । देश की सारी शिक्षा का थोक व्यापार हमें अनाज के थोक व्यपार की तरह अपने हाथ में लेना होगा । जिस प्रकार प्रतिक्रियावादी और पूंजीवादी पार्टियां और उनके संरक्षक गल्ले के थोक व्यापार के सरकारीकरण का विरोध कर रहे हैं, उसी तरह शिक्षा के मन्दिरों को उन्होंने अपने निहित स्वार्थों का अड्डा और समाजवाद-विरोधी दकियानूसी व्यापार का साधन बना रखा है ।

मिसाल के तौर पर मैं अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी और हिन्दू विश्वविद्यालय, बनारस का नाम लेना चाहता हूं । मुझे यह कहते हुए अफसोस होता है कि आजादी के पच्चीस वर्ष बाद की अभी पिछले साल जब उत्तर प्रदेश विधान सभा के छ ; माननीय सदस्य अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में वहां पर हुए उपद्रवों के संबंध में तथ्यों की जानकारी लेने के लिए पहुचें और यूनिवर्सिटी के गेस्ट हाउस में ठहरे, और वहां के साम्प्रदायिक तत्वों को यह पता लगा, तो उन्होंने आ कर वहां उन का बेइज्जत किया, उन का सामान फेंक दिया और उन के कपड़ों पर पान की पीक फैंकी ।

आप को और इस सदन को, हिन्दुस्तान और पूरे संसार को पता है कि उससे पहले वहां पर राष्ट्रीय भावनाओं से ओतप्रोत, श्री अली यावर जंग की, जब कि वह अलीगढ़ यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर थे, हत्या करने का प्रयास किया गया । वहां के राष्ट्रपति विचार के लोगों ने उन को बचा लिया, वर्ना वहां कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती थी । मंत्री महोदय भी कुछ दिन पहले अलीगढ़ गए थे । उन के साथ जो व्यवहार हुआ, वह बहुत ही खेदजनक और लज्जाजनक था ।

अब मैं बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी पर आता हूं। जैसा कि मुझ से पहले बहुत से वक्ताओं ने कहा है, मैं चाहता हूं कि इन साम्प्रदायिक तत्वों का शीघ्र से शीघ्र इलाज किया जाये और विद्या के पवित्र मन्दिरों में जो विषैले नाग पल रहे हैं, उनको शीघ्र से शीघ्र वहां से हटाया जाये, अन्यथा यह नहीं कहा जा सकता है कि इस देश का भविष्य क्या होगा। मुझ से पहले कई वक्ताओं ने बताया है कि बनारस विश्वविद्यालय में एक भवन पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोगों ने जबर्दसती कब्जा कर रखा है। यही नहीं, वहां पर आर० एस० एस० की 35 शाखायें लगती हैं।

जब बनारस यूनिवर्सिटी में उपद्रव हुए थे, तो वहां पर आर० एस० एस० के लोगों ने अर्थ शास्त्र विभाग के रीडर, डा० उमेश प्रसाद, को मारा और उन के दांत तोड़ दिए। आज भी वहां पर आये दिन उपद्रव होते रहते हैं और शांति भंग होती रहती है। साम्प्रदायिक तत्व विद्यालयों में पनपते हैं और उन को गिजा मिलती है। मेरी समझ में नहीं आता कि वे कौन सी ताकतें है जो उन को गिजा देती है। मेरा निवेदन है कि सरकार इन साम्प्रदायिक तत्वों को नेस्त नाबूद करने के उपाय सोचे, जिस से हमारा देश हरा-भरा हो और हमारे देश में अशांति की जगह शान्ति स्थापित हो। मुझे भूतपूर्व शिक्षा मंत्री, डा० त्रिगुण सेन के ये शब्द याद हैं कि शिक्षा में जो असमानता है, वह समाप्त होनी चाहिए, पब्लिक स्कूल बन्द होने चाहिए और मजदूर का बेटा हो या पूंजीपति का बेटा हो, सब को एक जैसी शिक्षा मिलनी चाहिए। लेकिन नौकरशाही की वजह से उन का यह सुझाव आज भी फाइलों में ही गुम है और पता नहीं, उस का क्या हो रहा है।

मुझ जैसे शोषित समाज के व्यक्ति को यह देख कर बड़ी वेदना होती है कि इस मूल्क में एक तरफ तो एक बाप अपने पांच बरस के बेटे को दून स्कूल में भेज कर पांच सौ रुपया महीना खर्च करता है और दूसरी तरह शोषित और दुर्बहारा वर्ग का एक बाप, जो सुबह से शाम तक कारखाने या खेत में खून पसीना बहा कर के इस देश का नव-निर्माण करता है, वह गरीब और मेहनतकश बाप अपने पांच बरस के बेटे की शिक्षा के लिए पांच रुपया महीना भी खर्च करने में असमर्थ है। इस मुल्क में शिक्षा के क्षेत्र में इतनी बड़ी असमानता देखने को मिलती है। समाजवाद का हमारा स्वप्न तभी साकार होगा, जब हम को शिक्षा के क्षेत्र में इन्साफ और समानता देखने को मिलेगी।

मुझे आश्चर्य होता है, जब मैं बी० ए० या एम० एस० पास नौजवानों को सड़कों पर रिक्शा खींचते हुए देखता हूं और एक पूंजीपति के कबाड़ी बेटे को कार में जाते देखता हूं, जिस को ए बी सी भी नहीं आती। आज पढ़े लिखे नौजवानों के सामने कोई निश्चित भविष्य नहीं है, और इसकी वजह से आज हम को लड़ाई-झगड़े उपद्रव, मारपीट और अनुशासनहीनता देखने को मिलती है।

मैं चाहता हूं कि इस मूल्क में समाजवादी विचार-धारा की शिक्षा हो, सामजवादी विचार-धारा से सोचने का तौर-तरीका हो और सच्चे मानों में नौकरशाही का स्थान लोकशाही ले। मैं चाहता हूं कि हमारे देश का नाम बदल कर भारतीय समाजवादी गणतंत्र होना चाहिए।

आज देश में समाजवाद की जरुरत है, क्योंकि समाजवाद के द्वारा ही इस देश में समानता आ सकती है। शिक्षा का आधार भी समाजवाद होना चाहिए।

अब मैं समाज कल्याण के बारे में कुछ विचार प्रकट करना चाहता हूं। हमारे देश में बहुत समय से सामाजिक उथल-पुथल देखने को मिल रही है और यहां पर सामाजिक अव्यवस्था है। अगर आजादी के पच्चीस वर्ष बाद भी, आजादी की रजत-जयन्ती के बाद भी, हम को यह सामाजिक अव्यवस्था

[श्री चन्द्र शेखरी]

देखने को मिलती है, तो मैं सोचता हूं कि हमारा लक्ष्य अभी पूरा नहीं हुआ है।

हमारे संविधान में डायरेक्टिव प्रिंसिपल्ज आफ़ स्टेट पालिसी में संविधान के लागू होने के दस वर्ष के भीतर चौदह साल तक के बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था करने की बात कही गई है। क्या मैं समझूं की दस वर्ष का मतलब सौ वर्ष होता है? देश को आजाद हुए पच्चीस वर्ष हो गए हैं, लेकिन आज भी मैं देखता हूं कि जिन बच्चों को शिक्षा देने की जरुरत है, जो शिक्षा प्राप्त करने पर डाक्टर, इंजीनियर या प्रोफेसर बन सकते हैं, जो देश के निर्माता बन सकते हैं, उन के भविष्य को बनाने के लिए कोई सामग्री नहीं जुटाई जाती है और आज वे बाजार में दोने चाट कर अपने पेट की ज्वाला को शान्त करते हैं, उनको रोटी मिलना भी दुश्वार है। मेरा निवेदन है कि सरकार का दर्जा एक पिता के बराबर है। अगर कोई पिता अपने बच्चे को अच्छी शिक्षा नहीं देता है, अच्छा खाना नहीं देता, अच्छे कपड़े नहीं पहनाता और उलटे जो कमाई कर रहा है उस से शराब पीता है तो उसे मैं नालायक बाप ही कहूंगा। इसी तरह से भारत की सरकार का यह परम कर्तव्य है कि वह भी अपने देश के हर नागरिक के लिए रोटी और रोजी का, उस की शिक्षा का पूरा इंतजाम करे और अगर इस में हमारी सरकार विफल रहती है तो मुझे अफ़सोस के साथ कहना पड़ता है कि भारतीय संविधान के जो प्रावधान हैं उन की तरफ उस का ध्यान नहीं है। इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात खत्म करना चाहूंगा।

एक निवेदन और मैं आप से कहना चाहूंगा। वैसे मैं सरकार के इस निर्णय का स्वागत करता हूं कि इस ने शैड्यूल्ड कास्ट ऐंड शेड्यूल्ड ट्राइब्स को होम मिनिस्ट्री में से लिया है। यह स्वागत योग्य बात है। मैं चाहता था कि शैड्यूल्ड कास्ट एंड शैड्यूल्ड ट्राइब्ज के लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए एक अलग से मंत्रालय खोला जाये। क्योंकि इस देश में छोटे छोटे विषयों, छोटी छोटी बातों के लिए मंत्रालय खोल रखे हैं जैसे पशुपालन, मछली पालन, मुर्गी पालन तो इतनी बड़ी समस्या जो शैड्यूल्ड कास्ट एंड शैड्यूल्ड ट्राइब्ज की है उसके लिए भी अलग से एक मंत्रालय खोला जाये।

मेरा निवेदन है कि मेरी इन भावनाओं को सरकार तक आप पहुंचायें और उसके अनुसार ऐसे कार्य करें जिस से कि आप कम से कम शिक्षा के क्षेत्र में तो तरक्की हो। आज शिक्षा के क्षेत्र में हालत यह है कि प्राइमरी स्कूलों में कहीं टाट नहीं है, पीने का पानी नहीं है और उन के अध्यापकों की हालत बहुत खराब है। पैरों में फटी चप्पल है, शरीर पर फटा कुर्ता और फटी धोती है। मेरा निवेदन है कि इस स्थिति में अवश्य ही सुधार होना चाहिए और इन विद्या के मन्दिरों का निर्माण इस तरह से होना चाहिए जिस से कि सच्चे मानों में इन में से देश भक्त और देश के निर्माता निकल सकें।

सभापति महोदय: देखिए यह बात जरा ठीक नहीं हो रही है। आपको जितना समय दिया गया उस का लाभ उठा कर आप और ज्यादा समय भी लेते हैं यह उचित नहीं है। आप दूसरे का भी ख्याल रखें। और भी बहुत से लोग बोलने वाले हैं। आप एक घंटा और बैठना चाहें तो दूसरी बात है नहीं तो इस डिस्कशन को तो आज खत्म करना ही है। इसलिए जितना समय दिया जाये उससे अधिक न लें।

*SHRI JAGADISH BHATTACHARYYA (Ghatal): Mr. Chairman, Sir, I would not go in detail about the working of the Ministry of Education and Social Welfare because the time at my disposal is short but still within this short time I would raise a few points for the consideration of the hon. Minister.

*The Original speech was delivered in Bengali.

Sir, even though we speak eloquently about the urgency and need for the education of the people belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes, yet in practice we have not done really much. From my personal experience I can tell you Sir that whenever we go to our constituency the people belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes and the backward classes come to us and often say "why don't you give us a school?". These people are poor and in most of the cases they do not get a square meal a day yet they have a genuine craving for education. Sir, if we look into the census report, then we will be convinced that during the last 10 years nothing appreciable has been done for the spread of education among these people. Very often the Government proclaims and paints a rosy picture of the different schemes that they propose to undertake in future but I am not so much interested in future as in the present and therefore I would like to know what is being done for these people for the present for the picture of governmental action in this sphere is not very clear. Secondly I would like to say that the facilities that Government give for the benefit of the people belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes do not reach uniformly to all. It has so happened that even among the Scheduled Castes and Scheduled Tribes people a particular class has now emerged who have gained some higher status and most of the governmental benefits go to this circle at the cost of the multitude. In order to be entitled to the governmental benefits one has to conform to some educational standards. I must in this connection urge upon the Government that unless we liberalise our policy in this regard a great multitude of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes people will always remain out of the purview of these benefits. If we look into the background of the students coming from this segment, we will find that a student may be the first in the whole of his generation who has come forward to get education. When this is the reality of the situation how can we expect a very high standard of education growing among the average students coming from this class. If a student fails in a particular class or he gets little less mark in the examination then he is denied the facilities that he was getting before. I feel that this attitude is not conducive to the development of an atmosphere where the students of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes should feel enthused to pursue their studies. While I do not approve of it I feel that the matter needs to be looked into afresh for importing greater liberalisation into the whole scheme. In the world of sports we have failed to create a place of our own. Except in hockey, cricket and even in football, we have remained almost a non-entity in the field of athletics. If we are really serious to see that our country gains its rightful place in the world forum of athletics, it is imperative that the training schemes for atheletes should be started from the block level. I know Sir that some instructors and officers have been appointed for the promotion of games education among the rural youth but they survive on paper only and in fact they function no more and no less than a clerical hand to the B.D.O. They have no well chalked out programme before them nor they have funds to finance the same. Because of the lack of proper organisation, the entire rural youth energy is going waste. Sir, the rural young men particularly the Adivasis are far more energetic and to have a vast reservoir of stamina than their urban counterparts. I know Sir that a Adivasi youth can walk with ease 40/50 miles a day which may be an impossible task for even the best athlete who comes from the urban sector on whom the country mainly depends for a world competitive event.

Now, Sir, if we exploit this vast untapped source of energy who belong to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes and the Adivasis and if we give them proper training

[Shri Jagadish Bhattacharyya]

then I am sure we would be able to create a new chapter in the world history of athletics and add to the glory of India. If we look to America, we will find that the Nigroes there, have brought laurels for their country and they are the persons who bag the largest number of medals in the Olympics for their country. Sir, a few days ago a wrestling competition was organised in Delhi. I was horrified to read in newspapers that the participating wrestlers were lodged in a house close to a latrine, the rooms were damp and the food was inadequate and even that too they had to cook themselves. This is the treatment that we are giving to our budding athletes from whom selections are made for our team for Olympics. Contrasting to this we often find that the cricket, hockey and football players are lodged in five star hotels. Why this difference in courtesy? Why this monsterous discrimination? Some housed in five star hotels and others in damp rooms near a latrine. We must try to end such appealing discrimination. India has a tradition in wrestling and we must try to regain the lost glory and to achieve it the first thing that we must do is to end discrimination.

I would now like to say a few words about the facilities given to destitute women. This is once again a sphere where the Ministry's record is a dismal one. Last year Rs. 15 lakhs was earmarked in estimates but it was actually reduced to Rs. 5 lakhs. Please note Sir from Rs. 15 lakhs to Rs. 5 lakhs. Whenever the Government wants to collect more funds, the Department of Education becomes the first casualty as if the country has no need for education and as if all other things should get a priority over it. But the irony of the matter is that even this small amount was not spent. Naturally a great number of destitute women, particularly the war widows who needed urgent help have gone without it. There are many destitute women in the rural areas whose demands are genuine and in many cases even when we have forwarded their applications through the BDO, they have lost their way into Government files never to see the light of the day and the needy women could never get any help in their life time.

Now I will come to Government's policy of allocation of funds for propagation of different languages. We have found that last year the Government had spent Rs. 3.36 crores for the propagation of Hindi and for the rest of the 15 languages which have been recognised by the Constitution, the Government have spent only Rs. 1 crore. I have no quarrel with Hindi. Let it prosper and if need be let Government double the allocation but why this apathy towards other languages. Do they not deserve a better deal. You are giving them only a pittance. It is nothing more than a charity donation. This lopsided policy of the Government is hardly conducive rather runs counter to the cultural integration of the country. Sir, the language in which I am speaking is the language which has given our nation its national anthem. It is through this language that Rabindranath Tagore won the Nobel prize. There are many writers and poets of immense promise who are languishing in poverty today in West Bengal. If we are able to rehabilitate them financially, not only that the Bengali literature will be enriched but in turn it will enrich the composite culture of our country.

Sir, when Shri Siddhartha Shankar Ray was the Central Education Minister, he had promised to bring forward a "children policy Resolution". Still today nothing has been done by Government in this regard. I would therefore urge upon the Government to hasten the matter and take an early decision.

When we are suffering from the banes of illiteracy, we find that in the rural areas the scheme for free female education upto the 8th class, is not being run properly. Here if a girl fails once, she is denied the benefit of free education. I am sure that

Government must look into the matter and see that such unnecessary restraints are removed and the girls are given proper encouragement to pursue their education. A little while ago Shri Yadav had said that persons beyond the age 45 would be excluded from the purview of the scheme for giving education. I do not approve of it. I strongly feel that age should not be a bar to education. All persons irrespective of their age should be given education. It is necessary. It is a must. It is possible. It is imperative when we find that illiteracy is growing in our country. Even in the war ravaged Vietnam, except the idiots and the lunatics, none has been denied the light of education.

Sir, I would briefly touch upon two more points and conclude my speech. In Dandakaranya project the refugee students were educated through the medium of Bengali. I have received letter from these refugees who have complained that instead of Bengali, the students are now being taught through the medium of Oriya or Hindi. I do not know how far it is correct. I would therefore request the hon. Education Minister to kindly take some personal interest in the matter and find out the truth and he should also see that all the students who were hitherto being taught through the medium of Bengali are once again given the same facility.

And finally about the youth centres. There cannot be two opinions that the youth of our country should be given better opportunities and all steps in the direction of creation of such facilities should be welcomed. But here I would like to sound a word of caution. From our experience we have found that whenever any organisation is set up with Government assistance it soon develops to become an appandage of the State Government which utilise them for their party interest. I would therefore like to suggest that all these youth centres should be made autonomous and utmost care should be taken to see that they are not utilised for political considerations.

श्री मुल्की राज सैनी (देहरादून) : सभापति महोदय, मैं आप का बहुत आभारी हूं, आपने मुझे शिक्षा मंत्रालय की मांगों पर बोलने का अवसर दिया। हमारा शिक्षा मंत्रालय आज कैबिनेट स्तर का मंत्रालय नहीं है —मंत्रालय भी छोटा है उसका बजट भी छोटा है, उस के प्रयास भी छोटे हैं। देश बहुत बड़ा है, शिक्षा का काम बहुत बड़ा है और जैसाकि कई माननीय सदस्यों ने कहा है शिक्षा के बगैर मनुष्य पशु के बराबर होता है। उस को मानव बनाने के लिए शिक्षा की आवयश्कता होती है, वह शिक्षा हर स्तर पर, हर गांव में, हर शहर में, सारी जनता को मिलनी चाहिए।

लेकिन पढ़ कर और सुन कर बड़ा ताज्जुब होता है कि 38 करोड़ व्यक्ति इस देश के अन्दर शिक्षा से वंचित हैं। जो शिक्षा मिलती है, वह किस को मिलती है कहां मिलती—इस बात को भी सब ने माना है कि शिक्षा के अन्दर भी छूआ-छूत आ गया है, अछूत और पंडित हो गए हैं। जिस तरह से हमारे हिन्दू समाज में वर्णव्यवस्था है, उसी तरह से हमारी शिक्षा में भी कुछ पंडितों वाली शिक्षा है और कुछ अछूतों वाली शिक्षा है। पंडितों वाली शिक्षा उन व्यक्तियो को मिलती है जो वैस्टेड इन्टरेस्ट हैं, पब्लिक स्कूलों में अपने बच्चों को भेजते हैं, जहां एक बच्चे पर 500 रुपए महाबार खर्च आता है। अछतों वाली शिक्षा उन को मिलती है, जिनके पास साधन नहीं हैं, सरकार ने उन के लिए स्कूल खोल दिए हैं।

जहां तक शिक्षा के प्रसार का सम्बन्ध है वैसे तो 1962 तक 6 साल से 14 साल तक की उम्र के बच्चों को फ्री कम्पलसरी एजूकेशन मिलनी चाहिए थी, लेकिन अभी पांचवी पंच वर्षीय योजना में अर्थात् 1979 तक 6 साल से 11 साल तक के बच्चों के लिए रखा गया है। 1979 तक इतना हो जाये तो भी ठीक है, लेकिन मन्जिल कब तक पार होगी यह कहा नहीं जा सकता और शिक्षा एक महत्वपूर्ण चीज है, जिस के बगैर इंसान इंसान नहीं

[श्री मुल्की राज सैनी]

बन सकता । चाहिए तो यह था कि इस पर प्रारम्भ से ही ध्यान दिया जाता , भारत के नागरिकों को शिक्षा दे कर राजनीतिक तरीके से कांश्शस बनाया जाता, सामाजिक तरीके से समाजवाद की तरफ उन्हें आगे बढ़ाया जाता, लेकिन आज 1973 में भी हम 1979 का नाम सुन रहे हैं और वह भी केवल 6 साल से 11 साल के बच्चों के लिए । शिक्षा में आज जो ना-बराबरी है, अगर यह खत्म नहीं होती, हर एक घर में जब तक शिक्षा नहीं पहुचाई जाती, जब तक शिक्षा निःशुल्क नहीं होती, तब तक देश के अन्दर हमारा यह कहना कि हम समाजवाद ले आयेंगे रजत जयन्ती वर्ष के अन्दर यह कहां तक उचित है ?

सभापति महोदय: अब आप कल बोलिएगा । इस समय रेल्वे मिनिस्टर एक बयान देंगे । रेल्वे मिनिस्टर ।

It seems there are 8 or 9 members from the Government side and three or four on the other side. I requested the Minister of Parliamentary Affairs about extension of time. He says the time might be extended by an hour. Therefore, the Minister will speak after these members speak.

SHRI EBRAHIM SULAIMAN SAIT: Is the Minister replying today?

MR. CHAIRMAN: Tomorrow.

STATEMENT RE. SHORTAGE OF COAL IN UTTAR PRADESH

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI L. N. MISHRA): Sir, Shri S. M. Banerjee raised the question of shortage of coal in Uttar Pradesh this morning. While there has been progressive improvement in the loading of coal from Bengal and Bihar fields, since 1970-71, it is a fact and I am conscious of it that there is considerable unsatisfied demand of slack coal and soft coke. The railways are making every effort in conjunction with the new Coal Mines Authority to improve the level of loading within the existing resources. I had already indicated in my budget speech that there was need for additional wagons and that 15,000 wagons have been recently ordered over and above the 26,000 wagons already in order. With the materialisation of these orders for additional wagons, the level of loading is bound to incease.

After the taking over of the management of all coal mines by the Government, it has been possible for the Ministry of Steel and Mines and the railways to initiate schemes to reorganise coal loading to improve the wagon availability with a view to satisfying different demands for coal at the required levels. At the Ministerial level and at the operating levels on the zonal railways, there is adequate co-ordination in planning and execution of coal movements. The Ministry of Steel and Mines are also actively coordinating with the State Governments to bulk the coal requirements of small-scale industries, the brickburning industry and domestic consumers and move coal in large quantities in train loads from the coalfields to selected points in the respective States. Eventually, it is the intention to open dumps at convenient places from which further distribution would be done by road within a given radius.

I have no hesitation in saying that as a result of the joint efforts of the two Ministries, there will be an improvement in the availability of coal in different consuming centres in the country.

18.03 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, April 6, 1973/Chaitra 16, 1895 (Saka).

MGIPND—Job 1164—L.S.—JC 184—18-7-73—1010